# बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता नियमावली
## (रोवर,रेंजर)

---

### जनपद / प्रदेश स्तर पर रोवर , रेंजर ज्ञान प्रतियोगिता
### (बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता) के संबंध में दिशा निर्देश निम्नवत हैं :–

(1) <u>प्रतियोगिता की श्रेणी</u> :– बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता विश्वविद्यालय जिले हेतु निम्नवत श्रेणी में आयोजित होंगी :–

(1) रोवर
(2) रेंजर

(2) <u>आयु– 01.07.2024 को</u> :– 17 वर्ष से 25 वर्ष के बीच की आयु वाले रोवर, रेंजर ।

(3) <u>प्रतियोगिता का आयोजन</u> :–बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता 2 स्तर पर आयोजित की जायेगी–

(अ) <u>विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर</u>– उन सभी प्रतिभागियों की परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक पंजीकरण करा लिया हो।

(ब) <u>प्रादेशिक स्तर पर</u> – विश्वविद्यालय जनपद से दोनो संवर्ग में प्रथम 3 स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा प्रादेशिक स्तर पर की जायेगी जिसके आधार पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों का चयन किया जायेगा।

(4) <u>पंजीकरण</u> :– विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने वाले रोवर– रेंजर का पंजीकरण विश्वविद्यालय जनपद द्वारा 15 जुलाई से 30 सितम्बर ,24 के मध्य किया जायेगा। पंजीकरण संलग्न प्रारूप पर किया जायेगा।

प्रत्येक प्रतिभागी से पंजीकरण शुल्क के रूप में रू0 100.00 लिया जायेगा जिसमें से रू0 60.00 विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर परीक्षा के आयोजन तथा रू0 40.00 प्रदेश को भेजे जायेंगे। विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त तथा जिला सचिव द्वारा हस्ताक्षरित की जायेगी। तथा प्रादेशिक अंश के साथ प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर, 2024 तक प्रादेशिक मुख्यालय को भेज दी जायेगी।

(5) <u>विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर बी0एस0जी0 ज्ञान परीक्षा का आयोजन</u> – विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर परीक्षा का आयोजन 16 अक्टूबर से 15 नवम्बर, के मध्य किया जायेगा। परीक्षा विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त के नेतृत्व में आयोजित करायी जायेगी, जिसकी तिथि व स्थान का निर्धारण विश्वविद्यालय में जिला मुख्यायुक्त द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

परीक्षा की तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व अर्ह प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय जनपद द्वारा प्रवेश पत्र देना सुनिश्चित किया जायेगा। प्रत्येक परीक्षा वस्तुनिष्ठ व बहु विकल्पीय प्रश्नों के आधार पर होगी जिसका पाठ्यक्रम ए0पी0आर0ओ0 भाग 2 व 3 के आधार पर रखा जायेगा तथा उसी के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र दिया जायेगा। परीक्षा में प्रश्न पत्र 50 प्रश्नो का होगा। प्रत्येक प्रश्न 3 नम्बर का होगा। परीक्षा के कुल प्राप्तांक 150 होंगे। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की जायेगी अर्थात प्रत्येक 1 गलत अंक पर 1 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी। 1 गलत उत्तर पर एक अंक कटेगा। उदाहरणार्थ यदि किसी अभ्यर्थी ने 50 प्रश्नो में से कुल 40

...2/–

प्रश्नो का उत्तर दिया है जिसमें से उसके 30 प्रश्न सही एंव 10 प्रश्न गलत है तो उसको कुल प्राप्तांक ( 30 x 3)-(10 x 1 ) = 80 होंगे ।

(6) **परीक्षा हेतु निर्देश** :-विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर परीक्षा जिला मुख्यायुक्त के निर्देश पर कराई जायेगी।

(अ) **विश्वविद्यालय स्तर पर** :- विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त निम्नानुसार 3 सदस्यीय एक आयोजन समिति गठित करेंगें। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त करेंगे :-

| | |
|---|---|
| 1- विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त- | अध्यक्ष। |
| 2- वि.वि. जिला कमिश्नर (रोवर ) / जिला कमिश्नर (रेंजर)- | सदस्य। |
| 3-विश्वविद्यालय जिला सचिव- | सदस्य। |

**(i)** आयोजन समिति द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधानुसार परीक्षा केन्द्रों का तथा परीक्षा की तिथि व समय का निर्धारण किया जायेगा।

**(ii)** प्रश्न पत्रों का निर्माण विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त द्वारा अपने स्वय के निर्देशन में कराया जायेगा तथा उसमें पूर्ण गोपनीयता (कान्फीडेन्सी) रखी जायेगी।

**(iii)** प्रश्न पत्र परीक्षा स्थल पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व ही उपलब्ध कराये जायें और व्यवस्थापक तथा योजना समिति के किसी सदस्य की उपस्थिति में ही खोले जायेंगे तथा इसका प्रमाणक लिखित में रखा जायेगा।

**(iv)** यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कक्ष निरीक्षक के रूप में जिसे नियुक्त किया जाय वह स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर से संबंधित व्यक्ति न हो।

**(v)** परीक्षा के उपरांत विश्वविद्यालय जिला मुख्यायुक्त द्वारा अपनी देखरेख में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जायेगा तथा प्रतिभागियों की मेरिट लिस्ट बनाई जायेगी।

**(vi)** रोवर-रेंजर में प्रथक-प्रथक 3 प्रतिभागियों की सूची दिनांक 05.12.2024 तक प्रत्येक दशा में प्रादेशिक मुख्यालय को उपलब्ध करा दी जाय।

**(vii)** बहु विकल्पीय माडल प्रश्न पत्रों का प्रारूप व पाठ्य कम संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

(ब) **प्रादेशिक स्तर पर**

**(i)** प्रादेशिक स्तर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त के निर्देशन मे बी0एस0जी0 ज्ञान परीक्षा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज पर आयोजित की जायेगी। विशेष परिस्थिति में अन्य परीक्षा केन्द्र बनाने पर भी विचार किया जा सकता है।

**(ii)** यह परीक्षा दिनांक 28.12.2024 को आयोजित की जायेगी। प्रादेशिक स्तर की परीक्षा में प्रत्येक विश्वविद्यालय जनपद से प्रत्येक विंग में प्रथम तीन प्रतिभागी भाग लेने के लिए अर्ह होंगे।

**(iii)** परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को प्रदेश संस्था द्वारा ऑन लाईन प्रवेश पत्र जारी किए जायेंगे।

**(iv)** प्रादेशिक परीक्षा का पाठ्यक्रम तथा प्रश्नपत्रों का प्रकार एंव निगेटिव मार्किंग जनपद स्तर की परीक्षा के अनुरूप ही होगा।

(7) <u>पुरस्कार</u> – प्रादेशिक स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए परीक्षा में कम से कम 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के नामों पर विचार नहीं किया जायेगा :–

| कम सं0 | स्तर/विंग | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रोवर | रू0 15,000.00 | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 |
| 2 | रेजर | रू0 15,000.00 | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 |

(8) <u>ध्यान रखने योग्य तिथियॉ/माइल स्टोन –</u>

| | |
|---|---|
| **(अ) प्रदेश स्तर से बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता के निर्देश प्रसारित होने की तिथि–** | **15.05.2024** |
| **(ब) वि.वि.जनपद स्तर पर अभ्यर्थियों के पंजीकरण की तिथि–** | **15.07.2024 से 30 सितम्बर, 2024** |
| **(स) वि.वि. जनपद स्तर परीक्षा आयोजन एंव अंतिम परिणाम का प्रकाशन–** | **16.10.2024 से 15 नवम्बर 24 के मध्य** |
| **(द) वि.वि.जनपद स्तर पर संवर्गवार चयनित पृथक–पृथक 3 प्रतिभागियों की सूची प्रादेशिक मुख्यालय में उपलब्ध कराने की तिथि –** | **05.12.2024** |
| **(य) प्रदेश स्तर पर परीक्षा की तिथि–** | **28 दिसम्बर, 2024** |

(9) यदि कोई प्रतिभागी पूर्व में दो बार प्रथम पुरस्कार अपने संवर्ग में ले चुका है तो वह उस संवर्ग में पुरस्कार लेने के लिए अर्ह नही होगा।

(10) <u>प्रतियोगिता का प्रचार व प्रसार</u> – विश्वविद्यालय जनपद स्तर पर प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार करने का उत्तरदायित्व जनपद संस्था का होगा । जिला मुख्यायुक्तों से यह अपेक्षा है कि वे अपने नेतृत्व में प्रतियोगिता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और अधिकतम बच्चों का पंजीकरण करायें। प्रत्येक विश्वद्यिालय जनपद के लिए प्रतिभागियों का लक्ष्य वर्ष 2024–25 के लक्ष्य में निर्धारित किया गया है ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागी इस ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में भाग ले सकें एंव रोवर और रेंजर के नियमों से लाभान्वित हो सकें।

05/05/2024

Chief Commissioner
Bharat Scouts & Guides
Uttar Pradesh, Lucknow

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट महानगर, लखनऊ

## BSG ज्ञान प्रतियोगिता 2024-25 पंजीकरण फ़ार्म

1. नाम : (हिंदी में) : ................................................................................................................................

   नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स) : ..............................................................................................

2. पिता का नाम : .......................................................................................................................

3. जन्म तिथि : ....................................... *बी०एस०जी यू०आई०डी० ...................................................

   *(जन्म तिथि का प्रमाण पत्र संलग्न करें)*

4. संवर्ग (कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेन्जर) : ................................................................................

5. यूनिट का नाम : .....................................................पंजीकरण संख्या एवं दिनांक ..................................

6. विद्यालय :.................................................................................................................................

   ..................................................................................पिन कोड ................................................

7. जनपद : .................................................................................................................................

8. मोबाइल नंबर : .....................................................वहाट्सअप नंबर :.............................................

9. ई मेल आई०डी० : ...........................................................................................................................

10. आधार नंबर : .........................................................................................................................

11. कक्षा (जिसमे अध्यनरत है) : .............................. स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता : ........................................

12. रूचि : ..................................................................................................................................

दिनांक : (आवेदक के हस्ताक्षर)

================================ प्रतिहस्ताक्षरित=================================

जिला सचिव/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश
जनपद ...........................

*(नोट : आवेदन शुल्क रु० 100 जो जिला संस्था में जमा करना होगा)*